कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री पवन कुमार पुत्र स्व0 श्री राधेश्याम शर्मा, ग्राम पोस्ट पॉचोली तहसील सिकराय जिला दौसा (राज0)

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा

अपील सं0 11/2019

निर्णय दिनांक 15.05.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा से दिनांक 14.03.2019 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा के पत्रांक आरटीआई/2018/402 दिनांक 22.04.19 द्वारा अवगत कराया है कि वॉछित सूचना प्रभारी अधिकारी (संस्थापन) से संबंधित होने के कारण उनके द्वारा दिनांक 25.03.2019 को आवेदन पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 5 (4) के अंतर्गत भिजवाया गया था। प्रभारी अधिकारी (संस्थापन) कलक्ट्रेट, दौसा द्वारा उनके पत्रांक संस्था/आरटीआई/2019/13588 दिनांक 02.04.2019 के द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध करवाया दिया जाना अंकित किया गया है तथा आवेदक को उपलब्ध कराई गई सूचना की प्रति/पत्रादि संलग्न भिजवाये गये है। प्राप्त पत्रादि संलग्न पत्रावली है। साथ ही लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा द्वारा सूचना उपलब्ध करा दिये जाने के कारण अपील निरस्त करने का निवेदन किया है। इससे स्पष्ट होता है कि आवदेक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा